उत्तर प्रदेश

विशिष्ट करेंट अफेयर्स

मई 2022

WWW.BYJUSEXAMPREP.COM

1. NHAI ने लखनऊ में राजमार्ग के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए किए दो समझौते

- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने मई 2022 में लखनऊ में दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन किया।
- राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे वृक्षारोपण करने में स्वयं सहायता समूहों को शामिल करने के लिए NHAI और राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, उत्तर प्रदेश के बीच अपनी तरह का पहला समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- दूसरे समझौता ज्ञापन पर NHAI और अम्मान इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के बीच हस्ताक्षर किए गए।

2. उत्तर प्रदेश के रामपुर में बना भारत का पहला 'अमृत सरोवर'

- केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने 13 मई 2022 को भारत के पहले "अमृत सरोवर" का उद्घाटन किया।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की आजादी के 75वें वर्ष में हर जिले में कम से कम 75 तालाब बनाने का आह्वान किया था, जिन्हें 'अमृत सरोवर' कहा जाता है।
- तालाब न केवल पर्यावरण की रक्षा और पानी के संरक्षण में मदद करेगा बल्कि लोगों के लिए एक आकर्षण भी होगा।

3. वाराणसी में स्थापित किया जाएगा स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर

- NSDC इंटरनेशनल (NSDCI) और DP वर्ल्ड की भारतीय इकाई, हिंदुस्तान पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के बीच एक समझौता किया गया।
- वाराणसी में एक स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर विकसित करने और लॉजिस्टिक्स आदि में विदेशों में रोजगार के अवसरों को बढ़ाने हेतु भारतीय युवाओं को कौशल प्रदान करने के लिए इस पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

- यह अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार कौशल प्रदान करेगा एवं उम्मीदवारों को वैश्विक बाजारों के लिए तैयार करेगा।

4. GST पंजीकरण में महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश अव्वल

- व्यवसायों और डीलरों द्वारा वस्तु एवं सेवा कर पंजीकरण में महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश शीर्ष पर हैं और इनके बाद गुजरात और तमिलनाडु का स्थान है।
- महाराष्ट्र में 1.48 मिलियन सामान्य GST भुगतानकर्ता हैं जो मासिक आधार पर कर का भुगतान करते हैं, जबकि उत्तर प्रदेश में 1.33 मिलियन ऐसे करदाता हैं।
- गुजरात में 1.09 मिलियन सामान्य और संरचना करदाता हैं, जबकि तमिलनाडु में 1.06 मिलियन GST पंजीकरण हैं।

5. हुनर हाट का 41वां संस्करण आगरा में शुरू

- केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने 19 मई को आगरा में हुनर हाट के 41वें संस्करण का उद्घाटन किया।
- हुनर हाट कारीगरों, शिल्पकारों और पारंपरिक पाक विशेषज्ञों को बाजार अवगत कराता है और रोजगार के अवसर प्रदान करता है।
- 12 दिवसीय 'हुनर हाट' में 32 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 800 से अधिक कारीगर और शिल्पकार भाग ले रहे हैं।

6. प्रख्यात संस्कृत और हिंदी विद्वान डॉ. रमाकांत शुक्ल का हुआ निधन

- एक प्रख्यात संस्कृत और हिंदी विद्वान, पद्म श्री पुरस्कार (2013) डॉ. रमा कांत शुक्ल का 11 मई 2022 को उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में निधन हो गया।
- वह भारतीय संस्कृत पत्रकार संघ के संस्थापक और अध्यक्ष थे।

- उन्हें 2018 में मामा जननी के लिए संस्कृत में साहित्य अकादमी पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था।

7. उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री ने पेश किया FY23 के लिए 6.15 लाख करोड़ रुपये से अधिक का बजट

- उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने 26 मई 2022 को राज्य विधानसभा में 6.15 लाख करोड़ रुपये से अधिक का बजट पेश किया।
- वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए 6,15,518.97 करोड़ रुपये के बजट में नई योजनाओं के लिए 39,181.10 करोड़ रुपये का प्रावधान शामिल है।
- पुलिस आपातकालीन प्रबंधन प्रणाली के तहत 730.88 करोड़ रुपये के प्रावधान से 112 योजना का दूसरा चरण शुरू होगा।

8. उत्तर प्रदेश ने जन शिकायतों के समाधान के लिए 'संभव' पोर्टल किया लॉन्च



- उत्तर प्रदेश के ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने संभव (सिस्टमिक एडमिनिस्ट्रेशन मैकेनिज्म फॉर ब्रिंगिंग हैप्पीनेस एंड वैल्यू) पोर्टल लॉन्च किया है।
- संभव एक बहु-मोडल मंच है जिसे लोक शिकायतों को तेजी से और प्रभावी ढंग से निपटाने और सुशासन प्रदान करने के लिए लॉन्च किया गया है।
- उत्तर प्रदेश राज्यपाल – आनंदीबेन पटेल
- उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री – योगी आदित्यनाथ
- उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस – 24 जनवरी 1950

9. कानपुर में जल्द शुरू होगा पहला स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स

- कानपुर का पालिका स्टेडियम प्रदेश का पहला सबसे बड़ा वातानुकूलित मल्टी स्पोर्ट्स स्टेडियम होगा, जिसमें अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय खेलों का आयोजना किया जा सकेगा।
- स्टेडियम में ओलंपिक खेलों के 28 इंडोर खेलों में 22 का आयोजन एवं प्रैक्टिस की जा सकेगी।

BYJU'S EXAM PREP

- स्मार्ट सिटी मिशन के अध्यक्ष और मंडलायुक्त डा राजशेखर ने बताया कि आधुनिक इंडोर मल्टी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में जून माह में खिलाड़ी यहां पर अभ्यास कर सकते हैं।

10. ग्रीनफील्ड इकोनॉमिक कॉरिडोर को मंज़ूरी

- हाल ही में केंद्रीय सड़क और परिवहन मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश राज्य के गाज़ियाबाद से कानपुर तक बनने वाले ग्रीनफील्ड इकोनॉमिक कॉरिडोर को मंज़ूरी दे दी है।
- यह कॉरिडोर 380 किमी. लंबा होगा और 2025 तक बनकर तैयार हो जाएगा। इसके बनने के बाद गाज़ियाबाद, हापुड़ और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बड़े हिस्से से जुड़े लोगों को यमुना एक्सप्रेसवे पर जाने की ज़रूरत नहीं होगी।

11. राष्ट्रीय पैरा टेबल टेनिस प्रतियोगिता में कानपुर की प्राची ने जीता स्वर्ण

- कानपुर की प्राची ने राष्ट्रीय पैरा टेबलटेनिस में स्वर्ण पदक जीत कर शहर एवं प्रदेश का नाम रोशन किया है।
- प्राची राष्ट्रीय पैरा टेबल टेनिस प्रतियोगिता में अब तक अजेय रहीं हैं। प्राची अब गोवा में होने वाली प्रतियोगिता की तैयारी में जुट गईं हैं।

12. थारू जनजाति संग्रहालय

- 11 मई, 2022 को उत्तर प्रदेश सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि बलरामपुर ज़िले के थारू आबादी वाले इमिलिया कोडर गाँव में राज्य का पहला आदिवासी संग्रहालय ‘थारू जनजाति संग्रहालय’ बनकर तैयार हो गया है।
- थारू जनजाति की जीवंत और विविध संस्कृति और जीवन-शैली पर केंद्रित यह संग्रहालय 5.5 एकड़ में फैला हुआ है।
- इस संग्रहालय में थारु जनजाति के बारे में समस्त जानकारी उपलब्ध होगी। यह उनके विकास से लेकर समकालीन समय में उनके जीवन तक, विविध विवरणों

को समाहित करेगा। इसके अलावा संग्रहालय उनकी संस्कृति, धर्म, परम्परा, जीवन-शैली और सामाजिक जीवन पर भी प्रकाश डालेगा।

13. IPS देवेंद्र सिंह चौहान बने यूपी के कार्यवाहक डीजीपी

- उत्तर प्रदेश सरकार ने आईपीएस देवेंद्र सिंह चौहान को राज्य का कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया है। वह पद से हटाए गए मुकुल गोयल की जगह लेंगे।
- गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अवनीश कुमार अवस्थी ने गुरुवार को जारी एक आदेश में बताया कि वर्ष 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी चौहान को पुलिस महानिदेशक के पद पर स्थाई नियुक्ति होने तक राज्य के पुलिस महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

14. लखनऊ में बनेगा शौर्य स्मारक

- उत्तर प्रदेश की योगी सरकार जल्द ही राजधानी लखनऊ में नौ सेना का शौर्य स्मारक बनाने जा रही है। खास बात यह है कि इस स्मारक में नौ सेना से रिटायर्ड आईएनएस गोमती (INS Gomti) युद्धपोत को स्थापित किया जाएगा।
- स्मारक के निर्माण को लेकर कवायद शुरू हो गई है। जल्द ही स्थान के चयन का काम पूरा कर लिया जाएगा।

15. लखनऊ में 100 जगह लगेंगे स्मार्ट हेल्थ ATM

- राजधानी लखनऊ शहर को 100 स्मार्ट हेल्थ एटीएम की सौगात मिलने जा रही है।
- लखनऊ की महापौर संयुक्ता भाटिया और स्मार्ट सिटी के महाप्रबंधक एससी सिंह ने बैठक में तय किया कि लखनऊ नगर निगम के सभी जोन और प्रमुख बाजारों में हेल्थ एटीएम स्थापित किए जाएंगे।
- जहां 40 तरह की हेल्थ संबंधित जांचें मुफ्त या नाममात्र के शुल्क पर होंगी। स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत हेल्थ एटीएम लगाए जाएंगे।

16. उत्तर प्रदेश विधानसभा अब होगी पेपरलेस

- उत्तर प्रदेश विधानसभा के 23 मई से शुरू हुए सत्र में काफी कुछ बदला गया है इस बार न सिर्फ विधायकों की सीट निर्धारित हुई बल्कि सीट के साथ लगे मेज पर Tablet भी इंस्टॉल किया गया है।
- इसके माध्यम से ही विधायक सदन की कार्यवाही में शामिल हो सकेंगे E-vidhan को यूपी विधानसभा में पूरी तरह लागू किया जा रहा है।

17. गंगा किनारे बसे जिलों में होगा जैविक खेती का विस्तार

- उत्तर प्रदेश सरकार गंगा को अविरल, नर्मिल और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए इसके अधिग्रहण क्षेत्र में बड़े पैमाने पर जैविक खेती और वनीकरण को बढ़ावा देगी।
- एक योजना के तहत गंगा तट पर बसे प्रदेश के सभी 27 जिलों के दोनों किनारों पर 10 किलोमीटर के दायरे में जैविक खेती को प्रोत्साहन दिया जाएगा।
- ऐसी खेती जिसमें रासायनिक खादों और जहरीले कीटनाशकों की जगह उपज बढ़ाने और फसलों के सामयिक संरक्षण के लिए पूरी तरह जैविक उत्पादों का प्रयोग हो ताकि लीचिंग रिसाव के जरिए रासायनिक खादों एवं कीटनाशकों का जहर गंगा में न घुल सके।

18. वाराणसी में बनेगा अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम

- प्रधानमंत्री नरेंद मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में खेल और खिलाड़ियों की सुविधा के लिए अब एक अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम बनेगा।
- इसके लिए यूपी सरकार ने आज के बजट सत्र के दौरान 95 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।
- वाराणसी के खेल प्रेमी और खिलाड़ी लंबे अरसे से एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पृथक स्टेडियम की मांग कर रहे थे। अब यूपी सरकार के 2022 के बजट में इसके लिए अलग से धनराशि स्वीकृत होने से खिलाड़ियों और खेलप्रेमियों में उत्साह का संचार हुआ है।

19. वेक्टर जनित रोगों के उन्मूलन के लिए उत्तर प्रदेश सरकार का 'जीरो मिशन'

- उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार जापानी इंसेफेलाइटिस, डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड, निमोनिया और जीका वायरस जैसी वेक्टर जनित बीमारियों को खत्म करने के लिए 'जीरो मिशन' शुरू कर रही है।
- राज्य सरकार का लक्ष्य 2025 तक वेक्टर जनित बीमारियों को खत्म करना है।
- चिकित्सा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग की हालिया प्रस्तुति के अनुसार, 2017 और 2021 के बीच उत्तर प्रदेश में एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम और जापानी इंसेफेलाइटिस से होने वाली मौतों में क्रमश: 90 प्रतिशत और 95 प्रतिशत की गिरावट आई है।

20. उत्तर प्रदेश क्षमें खुदाई के दौरान मिली 1200 साल पुरानी भगवान विष्णु की अति दुर्लभ मूर्ति

- उत्तर प्रदेश में गोरखपुर के विकास खंड गोला के बड़हलगंज थाना क्षेत्र में खुदाई के दौरान भगवान विष्णु की 9वीं शताब्दी की अति दुर्लभ मूर्ति मिली।

- भारतीय सांस्कृतिक निधि गोरखपुर चैप्टर के संयोजक एवं व सह संयोजक ने मूर्ति की फोटो देखने के बाद कहा कि यह मूर्ति अतिप्राचीन, बहुमूल्य व दुर्लभ है।
- यह 9वीं-10वीं शताब्दी की भगवान विष्णु के विराट रूप की अति दुर्लभ मूर्ति लग रही है, जो तकरीबन 1200 वर्ष पुरानी है। मूर्ति की ऐतिहासिकता को देखते हुए इसका पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षण किया जाना जरूरी है।